सिल्केशाईन की जड़ी-बूटीयों से बालों की वृध्दि तो होती ही हैं साथमे इसका असरदार फार्मूला बालों को समयपूर्व सफेद होने से रोकता हैं। सिरकी त्वचा एवं बालों के रोगों से भी यह बचाव करता हैं। सिल्केशाईन में हानिकारक पदार्थ नही होने से यह बच्चों के लिये भी सुरक्षित हैं। इसकी जडी-बूटीयों की भीनी भीनी खुशबू दिनभर आपको तरोंताजा रखती हैं।
आयुर्वेदिक मेडिसीन
Silkeshine
Ayurvedic Powder With Shikekai
सिल्केशाईन
आयुर्वेदिक शिकेकाईयुक्त पावडर
JAI-SON HERBALS
जयसन हर्बल्स प्रा. लि.
नाशिक
स्वस्थ और सुंदर
बालों के लिये कुदरती नुक्सा
एक संपूर्ण स्वदेशी उत्पादन
Atelier-NSK-2596364
व्यावसायिक संपर्क: जिनेंद्र सेल्स कॉर्पोरेशन 202-ए, मेघदूत शॉपींग सेंटर, सी.बी.एस. के सामने, नाशिक-422 001. फोन-0253-2577777

मैं भारत हूं फाउंडेशन
भारत को 'भारत' ही बोला जाए
www.mainbharathun.co.in

जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

# सिद्धार्थ मुनि का ३३ वां दीक्षा समारोह का आयोजन



**मुंबई:** जैन संस्कार मंच मुंबई और चैतन्यपुरी हैदराबाद संघ के संयुक्त संयोजन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जैन संस्कार मंच के प्रणेता उप-प्रवर्तक सिद्धार्थ मुनि महाराज के ३३वें दीक्षा दिवस पर धर्म आराधना, सामायिक और पैसठिया छंद जाप के साथ अन्य अनुष्ठान का आयोजन चैतन्यपुरी हैदराबाद संघ में किया गया। श्रमण संघीय गुरुदेव ज्ञान मुनि महाराज, लोकेश मुनि महाराज, साध्वी महासती घमीसना महाराज आदि ठाणा-३ के सानिध्य में दीक्षा दिवस की शुरुआत महिला मंडल की कविता कोठारी और मंडली की प्रस्तुति से हुई। दीक्षा दिवस पर उपस्थित मुनियों और साध्वियों ने गुरुदेव सिद्धार्थ मुनि के संयम दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। सिद्धार्थ मुनि जी ने कहा कि मैं कुछ भी नहीं हूं, यह तो सब गुरुदेव की कृपा है, मुझे किसी ने सिखाया है तो वह सब गुरु रमेश मुनि महाराज हैं।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर मंगल चंद खारीवाल, जितेंद्र कोठारी, राखी कांकरिया, मधु गुणावत, संजय सिंघवी, विनोद टीमसी, गुलाब डागलिया, किशोर मुथा, कुलदीप जैन, जीतू भाई, संगीता नाबेडा, हस्तीमल लोढ़ा, भरत नाहर, महावीर लालवानी, कमलेश नाहर, दीपक वाघमारे, संतोष कोठारी, दिलीप गादिया, प्रणव गांधी आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय स्तर पर मुनि, आर्यिका, त्यागी सुरक्षा महाकमेटी का निर्माण हो

**चिकलठाणा:** हाल ही में आचार्य सुनीलसागर जी महाराज की परम शिष्या आर्यिका श्रुतमति माताजी गुजरात दाहोद के पास एक कार के टक्कर मारने से जगह पर ही आकस्मिक समाधि मरण हुआ, इस तरह राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, असम में कई हादसे हुए हैं, कई स्थानों पर जैन मुनि तथा साध्वियों को जानबूझ कर भी कुचले जाने के समाचार मिलते हैं, सत्य, शांति, अहिंसा के प्रतीक जैन मुनि तथा आर्यिकाएं होती हैं, किंतु इस तरह का दुर्भाग्यपूर्ण, ज्ञान विरोधी मूर्ख लोग द्वारा हीनता का आचरण अत्यंत दुखद है, जैन समाज को जागृत होना होगा। जैन अहिंसा व सिद्धांत का पालन परिपूर्णता से करना होगा, हमें कोई आंख दिखाने का प्रयास करे, तो आंख को आंख दिखाने की हिम्मत करनी होगी, अहिंसा का मतलब कदापि कमजोर नहीं, अहिंसा वीरों का धर्म है, अहिंसा और शांति में क्रांति है।

जैन मुनि, साधु, आर्यिकाएं सदैव विचरण करते हैं, एक स्थान पर कभी नहीं रुकते। प्रथमाचार्य शांतिसागर जी महाराज 'संभाग' से निकले थे तो स्वयं निजाम सरकार और बेगम दर्शन को पधारे। नग्न रूप, पांव में कुछ नहीं, केवल पिछी और कमंडल देखकर दंग रह गए और त्याग और तपस्या का बखान करने लगे। समुचे भारत में दिगम्बर जैन मुनि हजारों वर्षों से विहार कर रहे हैं, अनेक स्थानों पर जहाँ जैन परिवार कम हैं वहाँ जैन समाज यदि मिलकर नहीं रहता तो वहां 'जोरहाट' असम जैसी समस्या का निर्माण हो सकता है। उत्तर पूर्वी राज्यों व कई राज्यों जैन परंपरा से अनभिज्ञ होने के कारण भ्रम की स्थिति निर्माण होती है। असम राज्य में जैन धर्म का प्रचार प्रसार आवश्यक है, समाचार पत्रों में नियमित लेख व विज्ञापन प्रसिद्ध करना चाहिए। दिगम्बर जैन महासभा को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आचार्य श्री दयासागर जी महाराज डिब्रूगढ़ असम से सिलापथार की ओर जा रहे थे, तब उन्हें रुकावट आई, आचार्य प्रसन्नसागर जी महाराज को २००६ में 'सिलचर' कछार में ऐसी ही स्थिति निर्माण हो गई, रात्रि में ही पलायन करना पड़ा। मेरा समस्त जैन समाज व जैन मुनि, साधु, आर्यिकाएं एवं भारतवर्षिय दिगम्बर महासभा से अनुरोध है कि राष्ट्रीय स्तर पर १५१ सदस्यों की कमेटी का निर्माण कर, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की घोषणा करें। भारत में २९ राज्य और ८ केंद्र शासित प्रदेश हैं, कुल ३७ राज्य हैं, प्रत्येक राज्य में चार अनुभवी कुशल सदस्य नियुक्त करें, कदम उठाना समय की मांग है, केवल पद पर आसीन होने से समस्याओं का समाधान नहीं होगा, आशा है प्रस्तुत निवेदन पर गंभीर विचार किया जाएगा।

**- एम.सी. जैन, पत्रकार**



जीयो और जीने दो के विचारक
तीर्थंकर महावीर के जन्म कल्याणक पर्व पर
हार्दिक शुभकामनायें

SANAT BADJATYA JAIN
Mob. : 098260 75364
17/3, Old Palsia, Raj Kalyan, Indore,
Madhya Pradesh, Bharat - 452001

भारत को 'भारत' ही बोला जाए   एक राष्ट्र-एक नाम 'भारत'



आइये हम सभी 'जय जिनेन्द्र' के साथ 'जय भारत' से अपने सुधिजनों का अभिवादन करें। जय भारत!
INDIA को भारतीय संविधान से विलुप्त किया जाए
INDIA GATE का नाम 'भारतद्वार' लिखवायें
Remove INDIA Name From The Constitution

जय गुरू नाना जय महावीर जय गुरू राम

पावन दिन है आ गया, महावीर जन्म कल्याणक पर्व,
जैन एकता का वर माँग लो, फैले हमारा अहिंसा धर्म
जन्म कल्याणक उत्सव पर हार्दिक शुभकामनाएं

परस्परोपग्रहो जीवानाम

अशोक सुराणा (CA)
मो. 9820147361
राष्ट्रीय सह-सयोजक-दान पेटी योजना
(अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ)
पूर्व उपाध्यक्ष- श्री साधुमार्गी जैन संघ, मुम्बई
संरक्षक- श्री चित्तौड़गढ़ जैन मित्र मंडल मुम्बई
राजकुमारी सुराणा
(महामंत्री-समता महिला मण्डल, मुम्बई)
अर्चित सुराणा (CA), तनिष सुराणा (MS in AI)

अशोक सुराणा एण्ड एसोसिएट
चार्टड अकाउटेन्टस
(मुंबई, चित्तौड़गढ़)
303, कल्याण भवन, तेली पार्क लेन, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400069
दूरध्वनि : 022-26833160, 022-266430287

!! ॐ अर्हम् !!



जय आचार्य भिक्षु जय आचार्य तुलसी जय आचार्य महाप्रज्ञ

जीयो और जीने दो के विचारक
तीर्थंकर महावीर के जन्म कल्याणक पर्व पर
हार्दिक शुभकामनायें

हम रहें ना रहें गुरुवर तेरा आशीर्वाद रहे

Fateh Chand Begwani
Rakesh Chhajer
Mobile: 9844013386

Quality Thermopack
And Insulations Industries

17-P, KIADB Industrial Area, Bidadi, Phase- II, Sector-1,
Mysore Road, Ramanagara, Karnataka, Bharat - 582109
e-mail : qualitythermopack@gmail.com


# २०२५-२८ सत्र हेतु तिनसुकिया दिगम्बर जैन पंचायत के चुनाव संपन्न
## विजय जैन अध्यक्ष, पुखराज जैन सचिव बने

**तिनसुकिया:** श्री दिगम्बर जैन पंचायत तिनसुकिया के सत्र २०२५-२८ के लिए नई कार्यकारिणी के गठन हेतु चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। १५ पदों के लिये संपन्न हुए इस चुनाव प्रक्रिया के दौरान कुल २२ उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे, इसमें सहायक सचिव अजीत छाबड़ा एवं बिमल रारा व कोषाध्यक्ष नरेश सेठी निर्विरोध चुने गए। शेष अन्य १२ पदों के लिए मतदान प्रक्रिया असम के तिनसुकिया चेंबर रोड स्थित 'जैन भवन' परिसर में सम्पन्न हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में अजीत कुमार जैन, सीए मनोज जैन, सीए अंकुर जैन और सीए तंजय जैन रहे।



विजय जैन, अध्यक्ष

मतदान की प्रक्रिया सुबह ९.०० से दोपहर १२.०० बजे तक चली, इसके पश्चात दोपहर १.०० बजे से मतगणना का काम शुरू हुआ। मतगणना के बाद परिणामों की घोषणा की गई, अध्यक्ष के रूप में समस्त जैन समाज की एकता के लिए प्रयासरत अंतर्राष्ट्रीय जैन पत्रिका 'जिनागम' के प्रबुद्ध पाठक विजय कुमार जैन, उपाध्यक्ष के रूप में पवन पाटनी एवं बिनोद बज, सचिव पुखराज जैन निर्वाचित हुए, वहीं ८ अन्य उम्मीदवारों को कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में चुना गया, इसमें अनिल जैन (मासू), विजय पहाड़िया, संजय कुमार पाटनी, बिनोद कुमार सेठी, संजय सबलावत, संजय कुमार पंड्या, सीए सुनील कुमार अजमेरा, सुनील रारा का नाम घोषित किया गया। मतदान प्रक्रिया के दौरान कुल ९२ वोट पड़े, इसमें से एक मत को रद्द घोषित किया गया।

अध्यक्ष पद पर जीत के बाद विजय कुमार जैन ने कहा कि उन्हें हमेशा से समाज का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिलता रहा है, इस बार जिस उम्मीद के साथ समाज ने उन्हें यह जिम्मेदारी दी है वे उसे पूरी तरह से समाज की उम्मीदों पर खरा उतारने की कोशिश करेंगे, साथ यह भी कहा कि जो नई टीम जीतकर आई है, वह काफी संतुलित और अच्छी है, उन्होंने मतदाताओं का तहे दिल से आभार भी व्यक्त किया, वहीं नवनिर्वाचित सचिव पुखराज जैन ने समाज के सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए सभी के सहयोग की कामना की।

गौरतलब है की विजय कुमार जैन इसके पूर्व दयासागर जी महाराज के प्रवास के चातुर्मास समिति के कार्याध्यक्ष तथा बाद में अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विजय कुमार जैन के अध्यक्ष चुने जाने पर समस्त जैन समाज में बधाई दी है, इसके अलावा समाज की विभिन्न संस्थाओं व बुद्धिजीवियों ने उन्हें अपनी ओर से शुभकामना भी दी हैं।

जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

भारत को 'भारत' ही बोला जाए
जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

# आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पधारेंगे

## जैन महाकुम्भ दिल्ली में २३ मार्च को

**नयी दिल्ली:** जैन परंपरा के प्रवर्तक, प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव २३ मार्च को दिल्ली के लाल किला मैदान पर मनाया जाएगा। आदिनाथ जन्म कल्याणक सुबह ७ बजे रथ यात्रा और ८ बजे ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ होगा। ५०१४ इंद्र केसरिया वस्त्र पहनकर तीर्थंकर का मस्तकाभिषेक करेंगे। मुनिश्री प्रतीक सागर के आह्वान पर हो रहे आयोजन में दिल्ली में विराजमान सभी आचार्य, उपाध्याय, मुनिराज और आर्यिकाएं मौजूद रहेंगी, समारोह में आचार्य अतिवीर महाराज की विशेष उपस्थित और गणाचार्य श्री पुष्पदंत सागर जी महाराज का आशीर्वाद भी मिलेगा, मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहेंगे।

गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भी आमंत्रित किया गया है। आयोजन दिगम्बर जैन जागरण युवा संघ मुंबई शाखा, दिल्ली प्रदेश एवं आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दिल्ली के तत्वावधान में होगा। आयोजन समिति में देशभर से लोग शामिल किए गए हैं।

# मुनि-साध्वी बनना सिर्फ वेश परिवर्तन नहीं, जीवन परिवर्तन भी है

**नोखा:** माया की चकाचौंध से प्रभावित होकर सांसारिक भोग विलास के प्रति आकर्षित होना सामान्य बात है, ज्यादातर लोग ऐसी ही जिंदगी जीने के सपने पालते हैं, लेकिन ऐसा कम देखने को मिलता है, जब कोई व्यक्ति इस दुनियावी भोग विलास के जीवन को त्यागकर आध्यात्मिक जीवन में आगे बढ़ने के लिए वैराग्य को अपनाता है। राजस्थान के 'नोख' में नौ मुमुक्षु भाई-बहन ने सांसरिक जीवन के सुख का त्याग कर संयम व वैराग्य पथ पर अग्रसर होते हुए संन्यास दीक्षा लेकर मुनि साध्वी बन गए। समता विभूति आचार्यश्री नानेश की ओर से उद्घोषित 'नोखा' में महत्तम शिखर जैन भागवती दीक्षा महोत्सव भट्टड़ स्कूल में आयोजित किया गया, इसमें नौ मुमुक्ष भाई-बहनों की दीक्षा संपन्न हुई, आचार्य भगवन की ओर से सात दीक्षाएं उदघोषित थी और दो दीक्षाएं गुप्त हुई, सभी ने आचार्य रामलाल म.सा. के मुखारविंद से दीक्षा अंगीकार की, इससे पहले सुबह साढ़े नौ बजे मुमुक्षुओं के लोच एवं श्वेत वस्त्र धारण का कार्यक्रम हुआ, इसके बाद जयकारों के साथ सभी मुमुक्षु और परिवारजन प्रवचन स्थल पर पहुंचे। दोपहर १२.४५ बजे दीक्षा का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, दीक्षार्थियों ने परिजन, समाज और साधु मंडल से दीक्षा की अनुमति ली।


आयोजन के दौरान आचार्यश्री रामलाल म.सा. ने प्रवचन में दीक्षा का महत्व बताया। भौतिक चकाचौंध से संयम जीवन में आना मुश्किल है, संयम मार्ग पर चलना भी दुष्कर है। मुनि-साध्वी बनना सिर्फ वेश परिवर्तन नहीं, जीवन परिवर्तन है, वेश तो हम जन्मों से बदलते आ रहे हैं।

**इन्होंने किया सहयोग**

धार्मिक कार्यक्रम में 'नोखा' सहित देश के विभिन्न प्रांतों से पहुंचे समाज के हजारों लोगों ने सहभागिता निभाई। समता युवा संघ के अध्यक्ष राकेश पीचा ने 'जिनागम' को बताया कि जैन भागवती दीक्षा महोत्सव की व्यवस्थाओं में धनराज गोलछा, राजेंद्र बेद, सिकरचंद पीचा, भीवराज कांकरिया, उत्तम बेताला, निर्मल गोलछा, नवीन कांकरिया, मदन लुणिया, बाबूलाल कांकरिया, रवि कांकरिया, जितेंद्र कांकरिया, पीयूष भूरा, अमित लालवाणी, रजत संखलेचा, पंकज भूरा, गौतम कांकरिया सहित साधुमार्गी जैन संघ, युवा संघ, महिला मंडल, बालिका मंडल के पदाधिकारी व सदस्यों ने सहयोग किया।

**देशनोक श्रीसंघ को चातुर्मास की स्वीकृति**

जैन भागवती दीक्षा महोत्सव में आचार्यश्री रामलाल म.सा.ने २०२५ का चातुर्मास रखे जाने वाले सभी आगारों सहित देशनोक श्रीसंघ को स्वीकृति प्रदान की, इसकी घोषणा करते ही समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई, मुमुक्षु बहन मुस्कान सेठिया (मूल गंगाशहर-भीनासर, निवासी हावड़ा) की जैन भागवती दीक्षा ३० अप्रैल को गंगाशहर-भीनासर में होने की उद्घोषणा हुयी।



पावन दिन है आ गया, महावीर जन्म कल्याणक पर्व,
जैन एकता का वर माँग लो, फैले हमारा अहिंसा धर्म
जन्म कल्याणक उत्सव पर
हार्दिक शुभकामनाएं

विनित चांदवाड़
Mob: 9314037392, 9828021195

चांदवाड़ फाइनेन्स ब्रोकर/प्रॉपटीज़

श्रीमती ललिता देवी चांदवाड़ धर्मपत्नी स्व. बृजेश कुमार चांदवाड़,
वरूण-सोनिया, विनीत-रश्मि (पुत्र-वधु), वंश, रूहिका, भव्य, भावित,
चांदवाड़ परिवार, सिद्धार्थनगर, जयपुर

७६९, बोरडी की रास्ता, किशन पोल बाजार,
जयपुर, राजस्थान, भारत-३०२००४
निवास : ए-८६, सिद्धार्थ नगर, टोंक रोड,
जयपुर, राजस्थान-३०२०१७







# सारा जमाना पदम जैन का दीवाना

## हजारों परिवारों को रिश्तों में जोड़ने वाले पदमचंद जैन का हर कोई दीवाना





वैवाहिक दुनिया के बेताज बादशाह के रूप में सुप्रतिष्ठित पदमचंद जैन की आज दुनिया दीवानी है। दुनिया जिन उद्योगपतियों, फिल्मी सितारों की दीवानी है, वे सारे पदमचंद जैन के दीवाने है। और हो भी क्यों नहीं? आखिर देशभर में अब तक नामी-गिरामी परिवारों को आपस में वैवाहिक रिश्तों में जोड़ने का कीर्तिमान जो स्थापित किया है। जयपुर में एक शादी के आयोजन में जीतो के श्रेष्ठीवर्य से मुलाकात हुई। इनमें तारक मेहता का उल्टा चश्मा के फेम शैलेष लोढा, शेयर मार्केट के दिग्गज मोतीलाल ओसवाल, प्रमुख बिल्डर सुभाष रूणवाल, सेलो ग्रुप के प्रदीप राठौड, इन्स्पीरा के प्रकाश जैन, डॉ. सुरेन्द्र जैन युएसए, प्रकाश कानुगो, तेजराज गुलेच्छा, किशोर खाबिया, राकेश मेहता, शांतिलाल कवाड़, संदिप बाफना सहित अनेक दिग्गजों से मुलाकात हुई। पदमचंद जैन ने अपनी चिर परिचित शैली में सभी का आत्मीय स्वागत किया। रूणवाल परिवार में वैवाहिक आयोजन के अवसर पर परिवार को बधाई दी। पूरे भारत में ओसवाल जैन बच्चों के वैवाहिक बायोडेटा के लिए पदमचंद जैन एक जाना-माना नाम है। राजनीति, प्रशासनिक, समाजसेवी, ब्यूरोक्रेटस उद्योगपति, सहित हर क्लास परिवार के बच्चों के बायोडेटा उपलब्ध है। सच में इतनी दीवानगी देखी नहीं कहीं। हर जुबां पर पदमचंद जैन का नाम।




■ आपके सपनों को पूरा करने वाली टीम ■



आईजेवीओ यानी पदम परिवार की यह टीम आपके बच्चों के लिए तलाशती हैं एक-से-बढ़कर एक सुंदर रिश्तों वाला बायोडाटा

दुल्हन वही जो पिया मन भाए, बहु वही जो सास मन भाए



रिश्तों के बेताज बादशाह **पदमचंद जैन**


॥ श्री पार्श्वनाथाय नमः ॥

## रिश्तों का मंडप आई जे वी ओ

विश्वस्तरीय ओसवाल-दिगम्बर जैन एवं वैश्य समुदाय के 8 हजार से अधिक वैवाहिक रिश्ते करवाने का गौरवशाली कीर्तिमान स्थापित

**9314510196 / 9602623456**



FCP JITO
पदमचंद जैन

प्रोफेशनल, सीए, पायलट इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस, आरएएस, फिल्म, राजनैतिक क्षेत्र के अलावा हर वर्ग और क्षेत्र में कार्यरत युवा-युवतियों के लिए जांचे परखे वैवाहिक रिश्तों का खजाना

1 जून से 2000 से सतत आपकी सेवा में तत्पर

IJ VO **जैन - वैश्य वैवाहिक रिश्तों का आखिरी पड़ाव**

**एक छत के नीचे उपलब्ध सेवाएं**

वैवाहिक-रोजगार, छात्रवृत्ति, विधवा पेंशन, मेडिकल हेल्प, प्रशासनिक एवं कानूनी सलाह, धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सदैव अग्रणी सहयोगी

**इंटरनेशनल जैन एवं वैश्य ऑर्गनाइजेशन**
1662-बी, ए.पी. अपार्टमेंट, मोतीडूंगरी रोड, जयपुर-04
फोन : 0141-2602626

## अपनों से हो अपनों का रिश्ता



इस केन्द्र की स्थापना से लेकर अब तक लगभग 50 हजार से अधिक वैवाहिक रिश्तों के बायोडेटा आ चुके हैं और निरंतर वृद्धि हो रही है। इस केन्द्र के कम्प्यूटर फीड बायोडेटा में बड़ी आसानी से मनवांछित रिश्ते के लिए बायोडेटा पलक झपकते ही उपलब्ध हो जाते हैं। देश में आज इतना बड़ा नेटवर्क कहीं देखने को नहीं मिलता जहां सभी बायोडेटा वेरीफाईड हो अर्थात प्रत्येक बायोडेटा की पूर्ण सूक्ष्मता से जांच की जाती है, उसके बाद ही बायोडेटा प्रोसेस में अग्रेषित होते हैं। इस केन्द्र में देश-विदेश के जैन-वैश्य समुदाय के हर क्षेत्र के युवक-युवतियों के वैवाहिक बायोडेटा उपलब्ध हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा हो, सी.ए. हो, आई पीएस हो या राजनीति, समाजसेवा के क्षेत्र से हो, देश का ख्यातनाम औद्योगिक घराना हो या फिर मीडिया हो या फिल्मी क्षेत्र हर क्षेत्र के युवक-युवतियों के बायोडेटा का नायाब खजाना है। संकोच नहीं, सम्पर्क करें : पदमचंद जैन -

**सेवा के सरोकार**
छात्रवृत्ति
मेडिकल शिक्षा
रोजगार
विधवा पेंशन
उक्त आवेदकों की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रखी जाती है।

| अशोक सिरोया | चंद्रराज सिंघवी | डॉ. प्रकाश गोलेछा | नरेन्द्र कुमार जैन | बसंत जैन | संजय जैन | सुरेन्द्र कुमार जैन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय अध्यक्ष | योजना मंत्री | राष्ट्रीय अध्यक्ष, यू.वि | राष्ट्रीय संगठन मंत्री | कोर्डिनेटर | राष्ट्रीय प्रचार मंत्री |

## सेवा के पथ पर अग्रसर टीम आईजेवीओ

1662-बी, ए.पी. अपार्टमेंट, वैभव लॉन के पास, हनुमान मंदिर के सामने, मोतीडूंगरी रोड, जयपुर-04
फोन : 0141-2602626 / 4010196 email: neerapadamjain@gmail.com

मैं भारत हूँ फाउंडेशन
भारत को 'भारत' ही बोला जाए
www.mainbharathun.co.in

जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

# विश्वहितैषी तीर्थंकर महावीर के जन्म कल्याणक पर्व पर
# 'जैन एकता' का आर्तनाद करें



**एक ऐसे तीर्थंकर का जन्म कल्याणक महोत्सव है, जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व को शांती और कल्याण के सूत्र दिये, 'जियो और जीने दो' का सार्वभौमिक नारा दिया, इसलिए वे जैनों के ही नहीं विश्व के लिए महापुरुष हैं, उनके पुनीत जन्म कल्याणक पर्व इस वर्ष भी वही हर्ष, उसी उल्लास से हो, लेकिन अंध परंपरा ना हो, कुछ नया और अनूठा कार्य करके दिखाएँ, कैसे?**

**तो आइए परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी, सिद्धांत चक्रवर्ती, राष्ट्रसंत, गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज द्वारा प्रस्तुत किये गये विषय पर दिये गये महत्वपूर्ण बिंदुओं को पढें:**


'तीर्थंकर महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर्व पर प्रत्येक बैनर, पत्रिका व मन्दिरों में लिखा जाए:

- यद्यपि आपके नगर में कत्लखाने, मांस-अंडे-शराब की दुकानें नहीं होना चाहिए, यदि हों तो इस पुण्य दिवस पर बंद कराने की अपील करें, सरकारी कानून में इस विषय का उल्लेख रहता है।
- जैनों को भी इस दिन दुकानें बंद रखनी चाहिए।
- तीर्थंकर की रथयात्रा, पालकी जहाँ से निकले वहाँ स्वच्छता रखने का प्रयास करें, मार्ग में गंदी नलियाँ वगैरह को साफ करवायें।
- स्वयं नये कपड़े तो जरुर पहनें पर मन्दिर के शिखर पर नयी ध्वजा भी लगायें।
- वात्सल्य भोज तो रखें पर रात्री भोज नहीं।
- जुलूस में एक साथ समय पर उपस्थित हों, ताकि जनमानस भी देखे कि तीर्थंकर महावीर के भक्त तथा उनके प्रति श्रद्धा-भक्ति समर्पण और त्याग का जयघोष।
- वर्ष में एक बार शिखर पर रंग तथा दरवाजों पर सजावट अवश्य होनी चाहिए।
- अपने घर के ऊपर धर्म ध्वजा लगाएं एवं मन्दिर जी व घर के बाहर तोरण द्वार बाँधे तथा रंगोली बनायें।
- मन्दिर के शिखरों से प्रात: से ही भगवान महावीर स्वामी के भजन (रिकॉर्ड या सी.डी. वगैरह अनुशासनुसार) गूँजना चाहिए ताकि पता चले कि आज 'महावीर जनकल्याणक' पर्व है।
- जुलूस में चमड़े के बेल्ट, जूते, पर्स वगैरह का प्रयोग न करें।
- महिलाएँ श्रृंगार करें, कोई परेशानी नहीं है पर नेल पॉलिश व लिपिस्टिक आदि का उपयोग न करें।
- सभी पुरुष सफेद ड्रेस में व महिलाएँ केशरिया साड़ी में पर्व पर उपस्थित रहें।
- धर्म ध्वजाएँ बच्चों के हाथ में नहीं, युवाओं के हाथ में दें।
- जूते-चप्पल पहन कर भगवान की पालकी, रथ की पालकी एवं रथ व धर्म ध्वज को हाथ ना लगाएं।
- ड्रेस के साथ-साथ मन भी सफेद हो, आपस में झगड़े-झंझट न कर समाज प्रमुख का निर्णय एकमत से स्वीकार करें।
- चाहे कोई किसी धर्म जाति या संप्रदाय का क्यों न हो, किसी को पराया या भिन्न ना समझें, जब तीर्थंकर के समवशरण में तिर्थंच भी अपनत्व से बैठ सकते हैं तो फिर क्या हम मनुष्य होकर एक साथ बैठ या चल नहीं सकते।
- तीर्थंकर महावीर स्वामी का अभिषेक पूजन सामूहिक हो, पर इतने उत्साह व सुमधुर ध्वनि से करें कि पांडाल गूंज जाए।
- सभी के हाथ में पूजा की पुस्तक अवश्य हो।
- सार्वजनिक/सांस्कृतिक कार्यक्रम करना अच्छी बात है पर व्यवस्थित करना और अच्छी बात है
- मन्दिर के बाहर कार्यक्रम हो तो विशेषकर समय का पूरा ध्यान रखें।
- समाज के व्यक्तियों का सम्मान बाद में हो या ना भी हो, लेकिन बाहर से आये व्यक्ति का सम्मान जरुर करें।
- लंबा-चौड़ा सम्मान आवश्यक नहीं, प्रेम का एक तिलक भी बहुत बड़ा सम्मान है
- अन्य कोई कार्यक्रम हो या न हो, पर तीर्थंकर महावीर स्वामी के जीवन दर्शन को जान लिया तो साल भर शास्त्र पढ़ना सार्थक हो जाएगा।
- इस शुभावसर पर शीर्षस्थ संस्थायें (महासभा, महासमिति, तीर्थ क्षेत्र कमेटी आदि) राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को अन्तर्राष्ट्रीय सकल जैन समाज की ओर से 'महावीर जन्म कल्याणक' की बधाईयाँ अवश्य दें, साथ ही तीर्थंकर महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष उनके द्वारा दीप प्रज्वलन करायें तथा उनसे तीर्थंकर महावीर स्वामी के प्रति शुभ संदेश व संस्तुति प्राप्त कर, उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें।
- समाज के प्रमुख संगठन व मंडल, प्रांतीय स्तर पर भी मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, कलेक्टर, नगराध्यक्ष, सरपंच **शेष पृष्ठ ४२ पर...**


INDIA को भारतीय संविधान से विलुप्त किया जाए
INDIA GATE का नाम
Remove INDIA Name From The Constitution
'भारतद्वार' लिखवायें

जय आत्म आनंद देवेन्द्र शिव-जय अम्बेश सौभाग्य मदन-जय कोमल- जय गुरुणी प्रेम

अहंकार महाअग्नि है, जीवों को कमलजीवन देने आए
तीर्थंकर महावीर के जन्म कल्याणक पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं



## Jain Surendar Kumar Anchaliya

निवर्तमान महामंत्रीः श्री ऑल इंडिया जैन कान्फ्रेंस, कर्नाटक शाखा

Mob : 9886186528

# Shanti Jewellers

A-7 1st Floor, Sakalaji market, Avenue Road,
Bangalore, Karnataka, Bharat-560002

---



स्व. श्रीमती जेठाबाई
ग्यारहवीं पुण्य स्मरण दिवस

जीयो और जीने दो के विचारक
तीर्थंकर महावीर के जन्म
कल्याणक पर्व पर
हार्दिक शुभकामनायें



G पुखराज मेहता (देवगढ़) बेंगलोर

राष्ट्रीय उपाध्यक्षः श्री आल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कान्फ्रेंस, नई दिल्ली
अध्यक्षः मेवाड़ पॅलेस बेंगलोर

Mob. : 09844677725



## Anand Jewels & Diamonds

A Trusted Name in Jewellery

Exclusive Range in
916, KDM GOLD, Diamond, Silver

1/1, Magadi Main Road, Jai Muni Rao Circle
Agrahara Dasarahalli, Bangalore, Karnataka, Bharat- 560079
Ph: 080-23304 343, 41734051 | Mob.:- 9844446064

---



जीयो और जीने दो के विचारक
तीर्थंकर महावीर के जन्म कल्याणक पर्व पर
हार्दिक शुभकामनायें

MANOJ JAIN
Mob.: 9375183653

NAIVE JAIN
Mob.: 7874972678

Manoj® SILK MILLS

Regd. T.M. No. 1519771

EVERY FABRIC COUNTS

Mfg Of Dyed & Digital Printed Fabrics With
Value Addition And Embroidery Garment

GSTIN : 24ACYPJ2472M2ZY

## Manoj® SILK MILLS

SALES : E-5670-71 Lift No 17, 3rd Floor,
Raghukool Textile Market, Ring Road, Surat.

E-mail : manojsilkmills5670@gmail.com

---

पावन दिन है आ गया, महावीर जन्म कल्याणक पर्व,
जैन एकता का वर माँग लो, फैले हमारा अहिंसा धर्म
जन्म कल्याणक उत्सव पर

हार्दिक शुभकामनाएं



## ARHAM POLYCHEM PVT. LTD.

2, Raja Woodmount Street, 3rd Floor,
Kolkata, West Bengal, Bharat-700001
Tel. : 033-22434400
Email : arham.kka@gmail.com

जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

पृष्ठ ४० से... आदि प्रमुख व्यक्तियों से तीर्थंकर महावीर स्वामी के शुभ संदेश तथा संस्तुतियाँ प्राप्त कर प्रचार-प्रसार करें।

● देश-प्रदेश में प्रकाशित होने वाले अखबार व जैन पत्र-पत्रिकाओं में इस अवसर पर तीर्थंकर महावीर स्वामी के जीवन परिचय अथवा विभिन्न संदेशों को अवश्य प्रकाशित करवायें।

● टी.वी. चैनल द्वारा भी महावीर स्वामी के उपदेशों का प्रचार-प्रसार करें।

● औद्योगिक, प्रशासनिक, शैक्षणिक संस्थायें भी इस अवसर पर तीर्थंकर महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन-पुष्पार्जन कर उनके संदेशों का स्मरण कर शुभ भावना प्रकट करें।

● सभी से अभिवादन 'जय जिनेंद्र' के साथ 'जय भारत' से करें।

● इस पुनित अवसर पर स्कूल, अनाथालय, हॉस्पिटल, जेल अथवा गरीबों को भी भोजन या मिष्ठान्न वितरण कर सकते हैं।

● जुलूस में प्रभावना अवश्य करें, पर ध्यान रखें, झूठी सामग्री जिन-रथ के मार्ग पर न डालें।

● वात्सल्य-भोज में भले ही शामिल ना हों पर तीर्थंकर के जुलूस में अवश्य उपस्थित हों।

● इस अवसर पर अतिथि सम्मान शॉल के स्थान पर महावीर स्वामी की फोटो से करें।

● हम भले ही अल्पसंख्यक हों पर परिजन व इष्ट मित्रों को भी साथ लेकर चलें वे चाहें जैन हो या जैनेत्तर।

● समाज के विभिन्न वर्ग एवं मंडलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम झांकी, एकांकी, नाटक, निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करना चाहिए।

● आम सभा में महावीर स्वामी से सम्बन्धित प्रश्नमंच का आयोजन जरुर करें एवं पुरस्कार वितरण भी करें, उपस्थित जैनत्तर बंधुओं को इसमें प्रधानता दें।

● पालना, महाआरती, भजन संध्या आदि कार्यक्रम तो रखें पर यह भी ध्यान रखें कि प्रस्तुति देने वाले कलाकार मांसाहारी ना हो।

● प्रभात फेरी के समय महावीर स्वामी से संबंधित भजनों एवं नारों का ही प्रयोग करना चाहिए।

● तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक पर्व पर 'श्री महावीर विधान' का आयोजन भी करवा सकते हैं, अल्प समय में छोटे से विधान के साथ तीर्थंकर की भक्ति का अलग ही आनंद आयेगा।

इस तरह तीर्थंकर महावीर की पूजा और उससे भी बढ़कर व्यवस्था और अनुशासन भी एक पूजा ही कहलाएगी, सभी एक-दूसरे से जुड़ें, गले मिलें और कदम से कदम मिलाकर चलें, फिर देखें 'महावीर जन्म कल्याणक' पर्व का कितना आनंद आता है, कितनी सुख शांति की संवेदना होती है।

## वीतराग भगवन्त!

करो ग्रन्थि से मुक्त मुझे हे वीतराग भगवन्त!
ज्ञान गौण, दर्शन अनुरंजन सर्वोपरि चारित्र,
मर्म मुझे दो आत्म धर्म का जीवन बने पवित्र,
करूं स्वयं पर अनुकम्पा मैं, पकड़ तुम्हारा पन्थ !
बन न सका नवनीत, मथ रहा कब से जाने तक्र?
कर समग्र अब छूटे मेरा जनम मरण का चक्र,
मुझे सताते हैं भव भव के बाँधे कर्म अनन्त !
नहीं समन्वय मुझ से मेरा छलना मेरे छन्द,
पूर्ण नहीं संवेदन, चलता प्रिय अप्रिय का द्वंद,
दो समत्व में तत्त्व समझ लूँ कृपा-सिन्धु अरिहन्त!

- महाकवि पद्मश्री कन्हैयालाल जी सेठिया (स्व.)



अहिंसा परिग्रह और अनेकांत की त्रिवेणी के वाहक
तीर्थंकर महावीर के जन्म कल्याणक पर्व पर
हार्दिक शुभकामनायें


गणाधि पति गुरुदेव श्री तुलसी


आचार्य महाश्रमण जी

Padam Chand Patawari
Mob: 9413319188

Shri Ram Nagar, 100ft Road,
Behind Kawadia Hospital, Rajsamand,
Bharat-313326 Mob. : 9950305599


त्यागमूर्ति अहिंसा के अवतार
महावीर प्रभु तेरी जय-जयकार
जन्म कल्याणक पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं

पूरनमल जैन 'सेठी'
: पूर्व अध्यक्ष :
भगवान महावीर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, राँची
104, पारस अपार्टमेन्ट, कचहरी रोड, राँची, झारखण्ड, भारत- 834001
दूरध्वनि- 6201144633 भ्रमणध्वनि.-09431115535

भारत को 'भारत' ही बोला जाए    Remove 'INDIA' Name From The Constitution


जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

जीयो और जीने दो के विचारक तीर्थंकर महावीर के
जन्म कल्याणक पर्व पर हार्दिक शुभकामनायें



**HANUMAN MAL DUGAR JAIN**

16-B, Robert Street, Ground Floor, Room No.2,
Kolkatta, West Bengal, Bharat-700012
दूरध्वनि : 033-22366360, Fax : 033-22379940
भ्रमणध्वनिः 09331037159
अणुडाक : hmdugar@gmail.com

भारत को 'भारत' ही बोला जाए    एक राष्ट्र-एक नाम 'भारत'

संसार के हर प्राणि 'सुखी' रहें, सभी जैन पंथी 'मिलकर' रहें
महावीर जन्म कल्याणक पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ



**Kamal Doshi**
Mob : 9830340967



**SHREE SHUBHAM TOYS**

48, Ezra Street, 5th floor, Room No 506,
Giria Trade Centre Kolkata - 700 001
Ph: +91 33 4061 9973 Email: arpit_toys@yahoo.in



त्यागमूर्ति अहिंसा के अवतार
महावीर प्रभु तेरी जय-जयकार
जन्म कल्याणक पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं



**गजेन्द्र जैन पाटनी**
Mob: 9425251222/6917151222
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा
राष्ट्रीय महामंत्री
श्री भारतवर्षीय खंडेलवाल दिगम्बर जैन महासभा
कुनकरी, छत्तीसगढ़, भारत-496225



त्यागमूर्ति अहिंसा के अवतार
महावीर प्रभु तेरी जय-जयकार
जन्म कल्याणक पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं

**Dr. Jaiprakash Sethia**
Mob: 9903086968/ 9831086968

**Mahakavi Kanhaiyalal Sethia Foundation**

KANHAIYALAL SETHIA AWARD for Poetry at JLF
Jaipur Literature Festival
Sethia Centenary Year 1919-2019

Model House, 40, Strand Road Suite No. 76,
Gr. Flr., Kolkata, West Bangal, Bharat- 700001
E: poetrysethia@gmail.com

भारत को 'भारत' ही बोला जाए    एक राष्ट्र-एक नाम 'भारत'



महावीर जन्म कल्याणक पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक जैन  Mob: 9993125178
प्रो. लवीश जैन  Mob: 9340723048

**महावीर ज्वेलर्स**

सोने एवं चांदी के फेंसी आभूषणों के विक्रेता।

पता : शिवपुरी मोहल्ला, राम मंदिर रोड़ मूंदी,
जिला खण्डवा, मध्य प्रदेश, भारत - ४५०००१


जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

# जय भारत! जय जिनेन्द्र!

## भारत को 'भारत' ही बोलेंगे INDIA नहीं



**डॉ. जयप्रकाश सेठिया**
व्यवसायी व समाजसेवी
सुजानगढ़ निवासी-कोलकाता प्रवासी
भ्रमणध्वनिः ९९०३०८६९६८

जयप्रकाश जी 'जैन एकता' के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि आज मैं ८० साल का हो गया हूं और बचपन से ही इस विषय पर सुनते आ रहा हूं पर अभी तक यह संभव नहीं हुआ है और इस दिशा में कोई ठोस कदम भी नहीं उठाए गए हैं, यह असंभव भी है, क्योंकि यहां समाज के सभी संप्रदाय और पंथ अपनी-अपनी डफली और अपना-अपना राग बजाने में लगे हुए हैं तो समाज में 'एकता' कैसे स्थापित होगी, आज हमारा समाज पंथ और संप्रदाय में क्यों बटा हुआ है, इन्हें इकट्ठा करना कठिन कार्य है, क्योंकि समाज के जो भी वरिष्ठ लोग हैं, वह अपने पद और अहंकार को छोड़ना नहीं चाहते तो 'जैन एकता' कैसे स्थापित हो सकती है? आज की युवा पीढ़ी अपने धर्म और समाज से दूर हो रही है और इसका कारण समाज में फैला आडंबर, आज समाज में इतना आडंबर फैल चुका है और इतनी फिजूल खर्ची हो रही है, इसीलिए युवा पीढ़ी दूर हो रही है, धर्म का स्वरूप ही बदल गया है, यदि युवा पीढ़ी को जोड़ना है तो ऐसे क्रियाकलाप करने होंगे, जिसमें युवा पीढ़ी आगे आए और धर्म और समाज से जुड़े।

'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम सिर्फ और सिर्फ 'भारत' ही रहना चाहिए। 'भारत' का शाब्दिक अर्थ है, 'भा' अर्थात प्रकाश, 'रत' अर्थात निरंतर बढ़ती रहे। भारत शब्द का अर्थ हुआ वह प्रकाश या ज्योति निरंतर बढ़ती रहे।

जयप्रकाश जी मूलतः तरह राजस्थान स्थित 'सुजानगढ़' के निवासी हैं। आपका जन्म व सम्पूर्ण शिक्षा 'सुजानगढ़' में ही संपन्न हुयी है, आपका परिवार डेढ़ सौ सालों से 'कोलकाता' में बसा हुआ है, आप भी कई वर्षों से 'कोलकाता' में बसे हुए हैं और व्यवसाय से जुड़े हैं, साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं, आप एक कवि के रूप में भी सक्रिय हैं, आपके दादाजी रूपचंद सेठिया जी को श्रावक रत्न की उपाधि प्राप्त थी, उन्हें तीनों ही आचार्यों का आशीर्वाद प्राप्त था, आप महाकवि पद्मश्री कन्हैयालाल जी सेठिया के सुपुत्र हैं। जय भारत! **- जिनागम**

**अशोक बम्ब जैन**
निवर्तमान अध्यक्ष ओसवाल जैन श्री संघ, मुंदी
अजमेर निवासी-खंडवा प्रवासी
भ्रमणध्वनिः ९९९३१२५१७८



अशोक जी 'जैन एकता' के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि अन्य समाज की तुलना में हमारा जैन समाज पूरी तरह से बिखरा हुआ है इसीलिए हमारी कोई बात राजनीति या सामाजिक स्तर पर नहीं सुनी जाती, अन्य समाज के लोग संगठित हैं, तो उनके कार्य आसानी से हो जाते हैं, हमारा समाज बिखरा होने के कारण हमें वह महत्व नहीं मिल पा रहा जो मिलना चाहिए, जबकि जैन समाज सबसे समृद्ध समाज है, पर पंथवाद के कारण ही हम पिछड़े हैं और आने वाले समय में यह पंथ और संप्रदायवाद हमें बहुत तकलीफ देगा, इसीलिए समय रहते समाज में एकता स्थापित हो जाए तो हमारे धर्म और समाज यानी दोनों का ही अस्तित्व बना रहेगा, इसलिए समाज में 'एकता' होना बहुत जरूरी है।

आज की युवा पीढ़ी अपने धर्म समाज से दूर होती जा रही है, क्योंकि परिवार द्वारा उन्हें ना ही मंदिर ले जाया जाता है ना ही साधु संतों के पास ले जाया जा जाता है तो उनमें धर्म के प्रति जागृति कैसे निर्माण होगी, उन्हें परिवार से संस्कार ही नहीं मिलते, जिसे वे अपने धर्म से जुड़ सके, इसीलिए युवा पीढ़ी अपने धर्म और समाज से विमुख होती जा रही है।

'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का एक नाम-एक पहचान रहनी चाहिए 'भारत'!

अशोक जी मूलतः राजस्थान के अजमेर जिले में स्थित 'धनेरिया' के निवासी है, आपका परिवार कई वर्षों से मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में स्थित 'मुंदी' तहसील का निवासी है, आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा यहीं संपन्न हुई है। यहां आभूषणों के कारोबार से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। ओसवाल जैन श्री संघ मुंदी के अध्यक्ष रहे हैं, अन्य कई सामाजिक संगठन में यथासंभव सक्रिय रहते हैं। जय भारत! **- जिनागम**

## बाबूलाल श्रीश्रीमाल

**उपाध्यक्ष श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ मुंबई**

**जालोर निवासी-मुंबई प्रवासी**

**भ्रमणध्वनिः ९८२०२८६१५८**



बाबूलाल जी 'जैन एकता' के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि आज जो परिस्थितियां बन रही हैं, उसमें समाज में एकता होना बहुत ही जरूरी है और समाज के सभी वर्गों व संप्रदायों को पंथवाद छोड़, धर्म व समाज को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना चाहिए, भले ही हमारी क्रियाएं अलग-अलग हैं पर सभी २४ तीर्थंकर को मानते हैं, उनके बताए मार्गों का ही अनुसरण करते हैं, फिर यह अलगाववाद क्यों, इन सब को छोड़ हमें 'जैन एकता' का प्रयास करना चाहिए, तभी हमारे धर्म और समाज का अस्तित्व बना रहेगा।

आज की युवा पीढ़ी अपने धर्म और समाज से जुड़ी तो है पर निष्ठा के साथ नहीं जुड़ पा रही है, जितना जुड़ना चाहिए। युवाओं को समाज व धर्म से जोड़ना जरूरी है, इसके लिए समाज द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना चाहिए, तभी युवाओं को हम जोड़ सकते हैं।

'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि देश का नाम तो केवल 'भारत' ही रहना चाहिए, यही हमारे देश का प्राचीन और सांस्कृतिक नाम है।

बाबूलाल जी मूलतः राजस्थान के 'जालौर' जिले में स्थित 'केशवना' के निवासी हैं। आपका जन्म व सम्पूर्ण शिक्षा 'राजस्थान' में संपन्न हुई है, पिछले ४० सालों से आप 'मुंबई' में बसे हैं और कारोबार से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं, श्री जैन 'श्वेताम्बर' खरतरगच्छ संघ मुंबई के उपाध्यक्ष हैं, अष्टापद जैन तीर्थ के कार्यकारणी सदस्य हैं, मरुधर कल्याण संघ के ट्रस्टी व उपाध्यक्ष की भूमिका निभा रहे हैं।

जय भारत!

**- जिनागम**

# देश के संविधान में इंडिया नहीं भारत है मूल शब्द



**प्रयागराजः** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय संयोजक ए विनोद ने कहा की देश के संविधान में इंडिया नहीं, भारत ही मूल शब्द है। संविधान में लिखे गए वाक्य 'इंडिया दैट इज भारत' के मूल में वास्तविक शब्द 'भारत' ही है। लोग अपने तरीके से इसकी व्याख्या करते हैं, ये बातें ए विनोद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की महाकुंभ-२०२५ पर स्मारिका के विमोचन के अवसर पर कही।

भारतीय भाषा अभियान के राष्ट्रीय संरक्षक अपर महाधिवक्ता अशोक मेहता ने कहा कि विधिक शिक्षा में भारतीय न्याय मीमांसा जैसे विषयों को पढ़ाया जाना चाहिए। दिल्ली विवि ने विधि के पाठ्यक्रम में मीमांसा को शामिल किया है। अभियान के काशी प्रांत संयोजक अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि न्यायालयों में हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं का प्रयोग बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं, इस मौके पर कुलवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पवन राव, अनूप मिश्रा, एसपी शुक्ला, प्रदीप जैसवार, अमन सिंह बिसेन आदि उपस्थित थे।






जीयो और जीने दो के विचारक तीर्थंकर महावीर के जन्म कल्याणक पर्व पर हार्दिक शुभकामनायें

समाजरत्न

**सुभाष ओसवाल जैन**

Mob. :- 09810045440

चेयरमैन : ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली
अध्यक्ष : भगवान महावीर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रोहिणी, दिल्ली
अध्यक्ष : साऊथ दिल्ली, जैन समाज, नई दिल्ली
संरक्षक : अ. भा. श्वे. स्था. जैन श्रमण संघीय श्रावक समिति, नई दिल्ली
निर्देशक : महावीर देशना फाउंडेशन लिमिटेड, नई दिल्ली
ट्रस्टी : ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली

Resi.: C-642, New Friends Colony, New Delhi -110025
Golemarket No. 011-23363729, 23344380
Off. 011-23854400 Email : oswalsubash@gmail.com


## संविधान की बुनियादी संरचना बदलने का अधिकार किसी को नही - जैनाचार्य युगभूषण सूरीजी



**मुंबईः** केसी कॉलेज मुंबई में आयोजित 'भारतीय संविधान की बुनियादी संरचना' विषय पर परिसंवाद में जैनाचार्य युगभूषण सूरीजी ने कहा कि पूर्ण सार्वभौमिकता और बुनियादी संरचना एक-दूसरे के कट्टर विरोधी है। केशवानंद भारती केस के फैसले में यह तय कर दिया गया कि सरकार के पास असीमित शक्ति नहीं है, इसलिए संविधान की बुनियादी संरचना बदलने का अधिकार किसी को नहीं है। भारतीय नीति-शास्त्र और धर्म-शास्त्र ने इसका सुंदर मार्गदर्शन किया है, जिसमें सभ्यता, न्याय, नीति, सदाचार, सद्गुण, मर्यादा, संस्कृति, धर्म और अध्यात्म शामिल हैं।

पूर्व लोकायुक्त और बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीश एम. एल. तहल्यानी ने कहा कि मैंने पहली बार किसी आध्यात्मिक गुरु से कानून की इतनी विस्तृत व्याख्या सुनी है।

# Intensive

• Investment Banking • NBFC • Family Office

*~ Unique Advice. Capital Market Insight, Efficient Execution, Delivering Financial Growth*




~~~ Our Services ~~~

- Public Issue (IPO)
- M&A / Strategic Acquisition
- Wealth Management & Advisory
- Right Issue / Buy-Back
- Takeover / Open Offer
- Valuation & ESOP
- Private Equity
- QIP Placement
- Pre-IPO Placement
- Debt Syndication
- Amalgamation & Demerger
- Financial Engineering

## Intensive Fiscal Services Private Limited

RO: - 914, Raheja Chambers, Free Press Journal Marg, Nariman Point, Mumbai –400021, India,
Tel: +91-22-22870443 / 44 / 45, **Contact Person:** Virendra Bajaj +91 9699292100
Email: admin@intensivefiscal.com , Web: www.intensivefiscal.com
~~~

# एक बार फिर से............................पधारो सा!

राजस्थानी संस्थाओं का मंच

# आपणों राजस्थान

8 वें वर्ष में प्रवेश

## मुंबई स्थित जे.बी.नगर में

## (प्राचीनतम राजस्थानी परिसर)

**२९-३० मार्च २०२५ शनिवार - रविवार**

**राजस्थानी गीत, संगीत, नृत्य, खान-पान, व्यंजन**

**के साथ लेंगे राजस्थानी व्यंजनों का आनंद**

### आयोजक

भारत सरकार द्वारा पंजीकृत क्र. U80300MH2021NPL369101

# मैं भारत हूँ फाउंडेशन

भारतीय संस्कृति की ओर अग्रसर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय अध्यक्ष<br>बिजय कुमार जैन, मुंबई<br>मो. 9322307908 | राष्ट्रीय महामंत्री<br>शोभा सादानी, कोलकाता<br>मो. 8910628944 | राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष<br>डॉ. गोविंद माहेश्वरी, कोटा<br>मो. 9414183919 | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष<br>निशा लड्ढा, कोलकाता<br>मो. 9830224300 | पद्मश्री व प्रसिद्ध भजन गायक<br>अनुप जलोटा, मुंबई<br>मो. 9821069089 |
| राष्ट्रीय सांस्कृतिक निर्देशक<br>दिलिप सेन, मुंबई<br>मो. 93228 66476 | राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री<br>रवि जैन, मुंबई<br>मो. 8108843571 | उत्तरांचल उप सभापति<br>पूरण डावर, आगरा<br>मो. 9837065440 | अंतर्राष्ट्रीय संयोजक<br>अरूण मूँधड़ा, हॉस्टन, अमेरिका<br>मो. 01(919)610-7106 | अंतर्राष्ट्रीय संयोजक<br>किशोर जैन, लंदन, यूके<br>मो. 044 (770) 3827595 |

### कार्यक्रम संयोजक

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कार्यक्रम प्रमुख<br>डॉ. दिनानाथ केडिया, मुंबई<br>मो. 9820059564 | कार्यक्रम संयोजक<br>अनुपमा शर्मा (दाधीच), मुंबई<br>मो. 97022 05252 | स्वागत प्रमुख<br>विमला समदानी, जे.बी. नगर<br>मो. 9324560725 | स्वागत प्रमुख<br>सीमा बंसल जे.बी. नगर<br>मो. 9821310077 | स्वागत प्रमुख<br>रश्मी जैन, जे.बी. नगर<br>मो. 9699110506 |

मीडिया पार्टनर — दैनिक भास्कर मुंबई

मीडिया पार्टनर — जिनागम

मीडिया पार्टनर — मैं भारत हूँ

मीडिया पार्टनर — मेरा राजस्थान

**भारत को केवल BHARAT ही बोला जाए INDIA नहीं**

**'एक राष्ट्र-एक नाम 'भारत'**

Postal Registration Number - MCN/192/2024-2026
WPP License No. MR/Tech/WPP-319/North/2024-26
Published on 09th March 2025 & Posting On 10th & 12th of Every Month
Posted at Marol Bazar Post Office, Mumbai - 400 059




गेलार्ड पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड व संपादक, मुद्रक व प्रकाशक बिजय कुमार जैन, बी-217, हिंद सौराष्ट्र इंडस्ट्रियल इस्टेट, मरोल, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400 059, टेलीफैक्स-022-2850 9999
अणु डाक -mailgaylordgroup@gmail.com, अन्तरताना : www.jinagam.co.in, द्वारा विनय ग्राफिक्स, युनिट नं 13, रवी इन्ड. को.-ऑप. सोसाइटी लि., 25 महल इन्ड ईस्टेट, महाकाली केव्हज रोड, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400093 से मुद्रित करवाकर प्रकाशित किया गया।
RNI NO. MAHHIN/2006/19598